प्रादेशिक समाचार
21.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अटल पेंशन योजना को वर्ष 2030–31 तक जारी रखने को दी मंजूरी, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक में पांच हजार करोड़ रुपये डालने का भी निर्णय।

2. दावोस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कई बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात, वेलस्पन वर्ल्ड ने झारखंड में प्लास्टिक उद्योग के लिए 300 करोड़ के निवेश का दिया प्रस्ताव।

3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दावोस यात्रा पर उठाये सवाल, सत्तारुढ़ झामुमो ने किया पलटवार।

4. गोड्डा पुलिस ने पथरगामा गोलीकांड का किया उद्भेदन, पुलिस के अनुसार जज ने अपनी पत्नी की हत्या के लिए दी थी सुपारी, गुमला में थाना प्रभारी घूस लेते गिरफ्तार।

5. जनजातीय समुदायों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने की पहल, गुमला के 8 जनजातीय प्रतिनिधि दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर होंगे शामिल।

****

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक जारी रखने के साथ ही प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस योजना के अंतर्गत अब तक आठ करोड़ 66 लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं।

****

दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़े निवेश प्रस्ताव हासिल किए। वेलस्पन ग्रुप ने देवघर प्लास्टिक पार्क के लिए 300 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया। लूलू ग्रुप कृषि उत्पादों के वैश्विक विपणन और इंफोसिस खनन क्षेत्र में एआई व डिजिटल कौशल विकास में सहयोग करेंगे।

****

दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निवेश प्रयासों पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने तीखा तंज कसा है। मरांडी ने कहा कि खराब कानून–व्यवस्था और भ्रष्टाचार के कारण कोई भी उद्योगपति झारखंड में निवेश नहीं करेगा।

****

झामुमो ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए इसे राजनीतिक दिवालियापन करार दिया है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा नेता अनर्गल बयानबाजी कर राज्य की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

****

आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने रांची में युवा आजसू के गठन की घोषणा की, जिसका उद्देश्य युवाओं की सीधी राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना है। साथ ही, उन्होंने नगर निकाय चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार गैर–दलीय चुनाव की बात कर रही है, जबकि खुद दलीय आधार पर तैयारी कर भ्रम फैला रही है।

****

हजारीबाग सिविल कोर्ट अब ई–कोर्ट ऐप के जरिए पूरी तरह डिजिटल हो रहा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार के अनुसार इस ऐप से अधिवक्ता और फरियादी घर बैठे अगली तारीख, कोर्ट ऑर्डर और केस स्टेटस देख सकते हैं। इसके माध्यम से ऑनलाइन केस फाइलिंग और शुल्क जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धिर हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में ऊर्जा मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

****

गोड्डा पुलिस ने पथरगामा गोलीकांड का उद्‌भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया है कि जांच में खुलासा हुआ है कि बिहार के समस्तीपुर में तैनात ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट संतोष कुमार साह ने अपनी पत्नी बंदना कुमारी की हत्या के लिए 2 लाख रुपये की सुपारी दी थी।

****

गुमला के चैनपुर थाना प्रभारी शैलेश कुमार को पदभार ग्रहण करने के तीन दिन भीतर ही एसीबी ने 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उन पर ईंट पकाने के एवज में ग्रामीण से अवैध वसूली का आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर एसीबी रांची ने यह कार्रवाई की।

****

गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के 8 जनजातीय प्रतिनिधि दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2026 में शामिल होंगे। भारत सरकार के निमंत्रण पर इन्हें पीएम जनमन, धरती आबा और आदि कर्मयोगी योजना के तहत चुना गया है। आज मुख्यालय से दो पीवीटीजी सदस्यों को रवाना किया गया, जबकि शेष 23 जनवरी को जाएंगे।

****

राज्य में तापमान धीरे–धीरे बढ़ रहा है और 27 जनवरी तक शीतलहर की संभावना नहीं है। आज चाईबासा में सर्वाधिक तापमान 31 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस और गुमला में न्यूनतम पारा 8 दशमलव 4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में पारे में थोड़ी गिरावट आ सकती है। हालांकि उसके बाद दो से तीन डिग्री तक तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है।

****

रांची जिला सब जूनियर वॉलीबाल टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल का आयोजन रांची विश्वविद्यालय वॉलीबॉल ग्राउंड में किया जायेगा। बालिका वर्ग का चयन ट्रायल 24 जनवरी और बालक वर्ग का ट्रायल 25 जनवरी को होगा।

********समाप्त*********